शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध/ई–मेल
संख्या– 2696/आठ–6–2023

प्रेषक,

**महेन्द्र प्रसाद भारती,**
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **आयुक्त,** आवास एवं विकास परिषद, उ0प्र0 लखनऊ। | 2 | **निदेशक,** नगर भूमि सीमारोपण, उ0प्र0 लखनऊ। | 3 | **उपाध्यक्ष/अध्यक्ष,** समस्त विकास/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उ0प्र0। |
| 4 | **नियत प्राधिकारी/जिलाधिकारी,** समस्त विनियमित क्षेत्र, उ0प्र0। | 5 | **सचिव,** रेरा, उ0प्र0। | 6 | **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम,** गतिशक्ति भवन, आईएनए, नई दिल्ली। |
| 7 | **प्रबन्ध निदेशक,** उ0प्र0 मेट्रो रेल कारपोरेशन, लखनऊ। | 8 | **मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,** उ0प्र0 लखनऊ। | 9 | **निदेशक,** आवास बन्धु। |
| 10 | **सदस्य सचिव** स्मारकों, संग्रहालयों, सस्थाओं, पार्को व उपवनों आदि की प्रबन्धन, सुरक्षा एवं अनुरक्षण समिति, लखनऊ। | | | | |

**आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–6** **लखनऊःदिनांक 15 दिसम्बर, 2023**

**विषयः विभागीय नोडल अधिकारी/मास्टर ट्रेनर को मानव सम्पदा पोर्टल से सम्बन्धित प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया सहायक निदेशक, उ0प्र0 प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी, लखनऊ के पत्र दिनांक 14.12.2023 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से मानव सम्पदा पोर्टल सम्बन्धी दिनांक 18.12.2023 से 22.12.2023 तक उपाम में आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभाग/विभाग के अधीन समस्त निदेशालय आदि के सर्वसम्बन्धित नोडल अधिकारी/ मास्टर ट्रेनर, जिन्होंनें अभी तक प्रशिक्षण प्राप्त नही किया है, को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित करने का अनुरोध किया गया है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त पत्र दिनांक 14.12.2023 द्वारा की गयी अपेक्षानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें। प्रकरण अति महत्वपूर्ण है, अतएव आपकी व्यक्तिगत रूचि अपेक्षित है।

भवदीय,

**(महेन्द्र प्रसाद भारती)**
विशेष सचिव।

**संख्या एवं दिनांक तदैव।**

प्रतिलिपि सहायक निदेशक, उ0प्र0 प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी, लखनऊ के उक्त पत्र दिनांक 14.12.2023 के क्रम में प्रेषित।

आज्ञा से,

**(महेन्द्र प्रसाद भारती)**
विशेष सचिव।

Pawan GO

संख्या-2696/आठ-6-2023


# उ० प्र० प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी
## U.P. ACADEMY OF ADMINISTRATION & MANAGEMENT

सेक्टर 'डी', अलीगंज, लखनऊ | Sector 'D', Aliganj, Lucknow

दूरभाष / Phone : 91-522-2334593

RIGHT TO INFORMATION सूचना का अधिकार

सामाजिक आर्थिक न्याय


पत्रांक :4A/044/2023-24/1842

दिनांक :14/12/23

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव

उ. प्र. शासन, लखनऊ ।

विषय: विभागीय नोडल अधिकारी / मास्टर ट्रेनर को मानव संपदा पोर्टल संबंधी प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के संबंध में ।

प्रशिक्षण

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक कार्मिक अनुभाग- 5 के पत्र संख्या: संख्या: 73-मा०स०सैतालीस-का-5-2023 दिनांक 14 दिसम्बर 2023.(छायाप्रति संलग्न) जो आप सभी को संबोधित एवं अकादमी को पृष्ठांकित है, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें ।

दिनांक 18.12.2023 से 22.12.2023 उपाम, अलीगंज

अतः उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा अकादमी से अपेक्षित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के अनुक्रम में अनुरोध है कि कृपया अपने विभाग / विभाग के अधीन समस्त निदेशालय आदि के सर्वसम्बंधित नोडल अधिकारी / मास्टर ट्रेनर, जिन्होंने अभी तक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है, को निम्न कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित तिथियों/समय पर अनिवार्य रूप से एकदिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें ।

86502 ACS/1/2023

| क्र. सं. | प्रशिक्षण का नाम | प्रशिक्षण दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मानव संपदा पोर्टल से सम्बंधित प्रशिक्षण | 18.12.2023 से 22.12.2023 | अपराहन 3:00 बजे से 5:00 बजे तक | उपाम, अलीगंज, लखनऊ । |

संलग्नक - यथोक्त

सादर ।

भवदीय,

(संत कुमार)
सहायक निदेशक

VS(B)
15-12-2023
( विनोद शर्मा )
निजी सचिव,
अपर मुख्य सचिव,
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग
उ०प्र० शासन

VSH(MPB)/23

176/

प्रतिलिपि:

1. निजी सचिव, महानिदेशक उपाम को, महानिदेशक महोदया के सूचनार्थ ।
2. निजी सचिव, निदेशक उपाम को, निदेशक महोदया के सूचनार्थ ।
3. विशेष सचिव, कार्मिक अनुभाग- 5 (श्री धनन्जय शुक्ल), उ.प्र. शासन, लखनऊ ।
4. श्री ए.के. रावत, वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.), एन.आई.सी., लखनऊ ।

US(M)
15.12.23
(महेन्द्र प्रसाद भारती)
विशेष सचिव
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

S.O.6
15.12.23

15/12/2023

(संत कुमार)
सहायक निदेशक


Contact us | E-mail : ati-up@nic.in
Website : www.upati.gov.in

मा० मुख्यमंत्री संदर्भ
अति महत्वपूर्ण / मानव सम्पदा पोर्टल
संख्या- 73-मा०स०/सैतालीस-का-5-2023

प्रेषक,

धनन्जय शुक्ल,
विशेष सचिव,
उ०प्र० शासन।

VS(B)

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
   उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष
   उत्तर प्रदेश।

कार्मिक अनुभाग-5 लखनऊ, दिनांक : 15 दिसम्बर, 2023

विषय- शासन एवं प्रशासन के कार्मिकों के सेवा सम्बन्धी समस्त कार्य मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से किए जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया कार्मिक विभाग के पत्र संख्या-42/सैतालीस-का-5/2023, दिनांक 09.11.2023 का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से कार्मिकों का सेवा विवरण अद्यतन किये जाने, मेरिट बेस्ट ऑनलाइन ट्रान्सफर सिस्टम बनाए जाने, वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट (ए०पी०आर) प्रबन्धन, वेतन आहरण, सेवा पुस्तिका प्रबन्धन आदि से संबंधित समस्त कार्य पोर्टल के माध्यम से ही सम्पादित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है।

2- प्रकरण में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा दिनांक 11.12.2023 को की गयी समीक्षा में अधिकांश विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी है तथा अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, उ०प्र० शासन के पत्र सं०- 1175/चौतीस-लो०शि०- 5/2023, दिनांक 13.12.2023 (प्रति संलग्न), जो समस्त अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव उत्तर प्रदेश शासन एवं समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश को सम्बोधित है, द्वारा यह निर्देश दिये गये है कि मानव सम्पदा पोर्टल पर समस्त कार्मिकों का पंजीकरण करा कर कोषागार से उनका दिसम्बर, 2023 माह का वेतन आहरण मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से ही कराने के लिए सम्बन्धित विभाग के नोडल अधिकारियों एवं आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित कर दिया जाए।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, उ०प्र० शासन के उक्त पत्र दिनांक 13.12.2023 में दिये आदेशों का अनुपालन शीर्ष प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराने हेतु सर्वसंबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

F:\karmik 5\manav sampada\Manav Sampada Draft.docx

Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि मानव सम्पदा पोर्टल पर कार्य करने हेतु एन०आई०सी० एवं उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी, अलीगंज द्वारा दिनांक 18.12.2023 से 22.12.2023 तक अकादमी (उपाम) में प्रतिदिन अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आहूत किया गया है। जिन विभागों के नोडल अधिकारियों / मास्टर ट्रेनरों द्वारा अभी तक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया गया है, वे कृपया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी, अलीगंज से संपर्क करते हुए उक्त तिथियों में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में अवश्य ही प्रशिक्षण प्राप्त करने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त।

( धनन्जय शुक्ल )

विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, मा० मुख्यमंत्री कार्यालय, उ०प्र० शासन को उनके पत्र दिनांक 13.12.2023 के संदर्भ में।
2. महानिदेशक, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी, अलीगंज / श्री आर०एच० खान, वरिष्ठ उपमहानिदेशक, एन०आई०सी०, उत्तर प्रदेश, लखनऊ / श्री ए०के० रावत, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन०आई०सी०, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को दिनांक 18.12.2023 से दिनांक 22.12.2023 तक प्रतिदिन अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आहूत किये जाने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के अनुरोध के साथ।
3. निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

आज्ञा से,

( मनीष चन्द्र श्रीवास्तव )

उप सचिव।

Scanned with OKEN Scanner